आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत


नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-136 -● कटनी ● शुक्रवार, 18 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -8 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## आज फाइनल की जंग




## आमने-सामने टकराए ट्रक-बोलेरो, चार की मौत



**बीकानेर।** सराजस्थान के बीकानेर में जामसर के पास शुक्रवार (18 जून) सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इसमें चार लोगों की मौत हो गई, जबकि सात बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को पीबीएम अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी।

### कोरोना को लेकर हर दिन हो रहे नए शोध और अध्ययनमें खुलासा

# खतरा

# दुनिया के 29 देशों में मिला कोविड का नया वैरिएंट लैम्बडा

**नई दिल्ली।**

कोरोना को लेकर हर दिन नए शोध और अध्ययन किया जा रहा है, ताकि कोरोना की उत्पत्ति के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी मिल सके। हालांकि कोरोना को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नया खुलासा किया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि दुनिया के 29 देशों में कोरोना का नया वैरिएंट मिला है, जिसका नाम लैम्ब्डा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि विशेष तौर पर कोविड का नया वैरिएंट दक्षिण अमेरिका में मिला है, यहां इसकी उत्पत्ति मानी जा रही है। साप्ताहिक अपडेट के तौर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि कोरोना का ये नया वैरिएंट पेरू में पाया गया, लैम्ब्डा को दक्षिण अमेरिका में उन्नत प्रसार के कारण वैश्विक रूचि के रूप में वर्गीकृत किया गया है। पेरू के अधिकारियों ने जानकारी दी कि अप्रैल 2021 से लेकर अबतक 81 फीसदी संक्रमित मामलों में यही वैरिएंट पाया गया है। वहीं चिले में पिछले 60 दिनों में दर्ज किए गए मामलों के 32 फीसदी केसों में कोविड-19 का नया वैरिएंट पाया गया। इसके अलावा अर्जेंटीना और इक्वाडोर में भी कोरोना के नए वैरिएंट के कई मामले मिले हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जानकारी दी कि लैम्ब्डा वंश में उत्परिवर्तन होता है, जो संक्रमण क्षमता को बढ़ा सकता है या एंटीबॉडी के लिए वायरस के प्रतिरोध को मजबूत कर सकता है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि इस बात के सबूत काफी सीमित हैं। संगठन का कहना है कि लैम्ब्डा को समझने के लिए और शोध की जरूरत है। बता दें कि दुनिया में अबतक कोरोना वायरस के डेल्टा वैरिएंट ने सबसे ज्यादा तबाही मचाई है। डेल्टा वैरिएंट की वजह से लाखों लोग की मौत हो गई है।




### भारत में 58 दिन बाद मौत का आंकड़ा दो हजार से कम

देश में कोरोना वायरस के दैनिक मामलों में उतार-चढ़ाव जारी है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना 62,480 नए मामले आने के बाद कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 2,97,62,793 हुई। वहीं 58 दिन बाद कोरोना से मौत का आंकड़ा दो हजार से कम आया है। इसी दौरान 1,587 नई मौतों के बाद कुल मौतों की संख्या 3,83,490 हो गई है।

### हाईकोर्ट बोला हम तीसरी लहर को न्योता दे रहे

दिल्ली हाईकोर्ट ने देश की राजधानी के बाजारों में कोविड-19 से जुड़े दिशा-निर्देशों के उल्लंघन का स्वत- संज्ञान लेते हुए अधिकारियों से सख्त कदम उठाने और दुकानदारों को जागरूक करने को कहा। हाईकोर्ट ने यह सुनवाई उन तस्वीरों को देखकर की जो व्हाट्सएप पर सर्कुलेट हो रही हैं और उसमें दिख रहा है कि दिल्ली के बाजारों में जाने वाले लोग मास्क तक नहीं लगा रहे हैं। अदालत ने इस मामले पर केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी करते हुए स्टेटस रिपोर्ट फाइल करने को कहा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने आगे कहा कि, कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के ऐसे उल्लंघन से संक्रमण की तीसरी लहर को बढ़ावा मिलेगा, जिसकी बिल्कुल भी अनुमति नहीं दी जा सकती। हम दिल्ली में तीसरी लहर को न्योता नहीं दे सकते।

## फटाफट खबरें



### बबीता जी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

**कोलकाता।** टीवी के मशहूर धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा की बबीता यानी मुनमुन दत्ता को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। मुनमुन दत्ता के खिलाफ चार राज्यों में दर्ज मामलों में कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। इसके अलावा सोशल मीडिया के जरिए मुनमुन दत्ता द्वारा कथित तौर पर की गई जातिवादी टिप्पणी के बाद देश के कई राज्यों में दर्ज मुकदमों को एक जगह ट्रांसफर करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है।

### असम में कांग्रेस विधायक रूपज्योति भाजपा में होंगे शामिल




गुवाहाटी। कांग्रेस के विधायक रूपज्योति कुर्मी ने पार्टी से और विधानसभा से शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया और कहा कि वह जल्द ही भाजपा में शामिल होंगे। विपक्षी दल कांग्रेस के लिए यह एक बड़ा झटका है। मारिअनी विधानसभा सीट से विधायक कुर्मी ने विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी को यहां उनके कार्यालय में इस्तीफा सौंपा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वह कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी अपना इस्तीफा दे चुके हैं। चार बार विधायक रह चुके कुर्मी ने कहा कि वह 21 जून को भाजपा में शामिल होंगे।

### 19 फीसदी तक सस्ते होंगे खाद्य तेल, सरकार ने घटाया आयात शुल्क

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल की बढ़ती कीमतों से परेशान लोगों को सरकार ने थोड़ी राहत दी है। सरकार ने पाम तेल सहित विभिन्न खाद्य तेलों के आयात शुल्क मूल्य में 112 डॉलर प्रति टन तक की कमी की है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे घरेलू बाजार में खाद्य तेल की कीमतें कम हो सकती हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक अधिसूचना जारी कर कच्चे पाम तेल के आयात शुल्क मूल्य में 86 डॉलर प्रति टन और आरबीडी (रिफाइंड, ब्लीच्ड एंड डियोडराइज्ड) एवं कच्चे पामोलिन के आयात शुल्क मूल्य में 112 डॉलर प्रति टन की कटौती की है।

### देश के सभी 26 राज्यों में स्थित 111 प्रशिक्षण केंद्रो में शुरूआत , रोजगार के अवसर भी मिलेंगे

**एक लाख फ्रंट लाइन वर्कर होंगे शामिल**

# प्रधानमंत्री मोदी ने कोविड-19 फ्रंटलाइन वर्करों के लिए की क्रैश कोर्स की शुरुआत

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोविड-19 फ्रंटलाइन वर्करों के लिए क्रैश कोर्स लांच किया है। गौरतलब है कि इस क्रैश कोर्स की शुरुआत देश के सभी 26 राज्यों में स्थित 111 प्रशिक्षण केंद्रो में की जाएगी। इस अवसर पर स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप के केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी अनुसार कोरोना महामारी के दौरान देश में मेडिकल उपकरणों, दवाओं, अस्पताल में बिस्तर समेत मानव संसाधन तक की कमी को पूरा करने की दिशा में केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है। कोविड-19 फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए आज क्रैश कोर्स प्रोग्राम की शुरुआत की गई है, ताकि मेडिकल क्षेत्र से बाहर के लोगों को भी आवश्यकता पड़ने पर तत्काल नियुक्त किया जा सके।



कस्टमाइज्ड क्रैश कोर्स से तैयार होंगे एक लाख फ्रंटलाइन वर्कर्स, पीएम 18 जून को करेंगे शुरुआत क

### पीएम कौशल विकास योजना ने तैयार किया है पूरा प्रोग्राम

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 3.0 के तहत इस पूरे क्रैश कोर्स प्रोग्राम को तैयार किया गया है। इस प्रोग्राम के तहत कुल लागत 276 करोड़ रुपए आई है। हेल्थ सेक्टर में वर्तमान व भविष्य के लिए मानव संसाधन की जरूरतों को पूरा करने के लिए नॉन मेडिकल हेल्थकेयर वर्करों का कौशल विकास करना इस प्रोग्राम का मकसद है।

**आज जिस क्रैश कोर्स को जारी किया जा रहा है, उसमें 6 भूमिकाओं में दक्षता के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी। होम केयर सपोर्ट, बेसिक केयर सपोर्ट, एडवांस केयर सपोर्ट, इमरजेंसी केयर सपोर्ट, सैंपल कलेक्शन सपोर्ट, मेडिकल इक्विपमेंट सपोर्ट शमिल हैं।**

## बारहवीं के मूल्यांकन का सीबीएसई फॉर्मूला मप्र बोर्ड में नहीं होगा लागू

**भोपाल (एजेंसी)।**



मध्यप्रदेश में सीबीएसई बारहवीं के मूल्यांकन का फार्मूला लागू नहीं होगा। सीबीएसई ने गुरुवार को बारहवीं के मूल्यांकन का फार्मूला जारी किया। इसमें सीबीएसई बोर्ड के बारहवीं के छात्रों का रिजल्ट दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं के अंकों के आधार बनाया जाएगा। इसमें अंकों का विभाजन दसवीं के 30 फीसद, ग्यारहवीं के 30 फीसद व बारहवीं के 40 फीसद रखा गया है। हालांकि स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार का कहना है कि मप्र बोर्ड में सीबीएसई के फार्मूले को लागू नहीं कर पाएंगे, क्योंकि माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध निजी स्कूलों के पास ग्यारहवीं का रिजल्ट नहीं है। उन्होंने पिछले साल कोरोनाकाल में सभी को जनरल प्रमोशन दिया था। इस कारण मंत्री समूह ने इस फार्मूले को खारिज कर दिया है।

### परिवार वालों ने लगाया हत्या का आरोप

## ममता के भतीजे को थप्पड़ मारने वाले की संदिग्ध मौत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का एक और मामला सामने आया है। 2015 में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को थप्पड़ जड़ने वाले भाजपा नेता की मौत हो गई। भाजपा नेता देबाशीष आचार्य की गुरुवार को रहस्यमय ढंग से मौत हुई है। परिवारवालों ने हत्या का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया और कुछ देर बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गंभीर रूप से घायल भाजपा नेता देवाशीष आचार्य को मिदनापुर के तमलुक जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, गुरुवार की सुबह कुछ अज्ञात लोगों ने घायल शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया था जहां उसकी मौत हो गई।

## कार और बाइक की सीधी भिड़ंत में 4 की मौत



**विदिशा।** कार और बाइक की सीधी भिड़ंत में 4 साल के बालक सहित चार लोगों की मौत विदिशा जिले के सिरोंज थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक 4 साल का बच्चा भी शामिल है। घटना सिरोंज भोपाल रोड ग्राम चौड़ा खेड़ी, कांकड़ खेड़ी घाटी के पास गुरुवार रात करीब 10 बजे की है। सिरोंज थाना पुलिस को रात करीब 11. 45 बजे सूचना लगी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि मृतकों में 45 वर्षीय मीना वाल्मीकि उनके पति 50 वर्षीय गोपाल वाल्मीकि, 40 वर्षीय मदनलाल वाल्मीकि और 4 साल का ऋषि वाल्मीकि शामिल है। सभी लोग ग्राम चितावर के रहने वाले हैं। शुक्रवार को पुलिस ने मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी पंकज गीते के अनुसार घटना की जांच की जा रही है, कार चालक की तलाश भी पुलिस कर रही है।

### दर्शन कराने के बहाने नाबालिग से होटल में दुष्कर्म

इंदौर निवासी एक युवक नाबालिग को दर्शन करवाने का झांसा देकर उज्जैन लाया और यहां एक होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पुलिस ने होटल में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं होटल के दूसरे कमरे से एक युवक व महिला को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ दुष्कर्म व देह व्यापार का केस दर्ज किया है। सूचना मिली थी कि इंदौरगेट स्थित एक होटल में सेक्स रैकेट संचालित हो रहा है। इस पर पुलिस ने वहां दबिश दी थी।

## पति की हत्या कर खुद भी फांसी पर झूल गई पत्नी

**धार, (एजेंसी)।**



धार जिले के बाग कस्बे में बीती रात को एक महिला ने अपने पति की हत्या कर दी। पति -पत्नी के बीच में लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी के चलते बीती रात को भी विवाद हुआ। ऐसे में पति-पत्नी दोनों एक कमरे में बंद हो गए और पत्नी राधाबाई ने धारदार हथियार से पहले तो अपने पति व शासकीय शिक्षक हरे सिंह चौहान पर हमला कर दिया।उसका नाजुक अंग भी काट दिया । उसके बाद अन्य चोटे भी पहुंचाई। जिससे कि अधिक रक्तस्राव होने के कारण हरे सिंह की मौत हो गई । इधर महिला ने हत्या करने के बाद में साड़ी का फंदा बना कर उसी से आत्महत्या कर ली । जिससे उसकी भी मौत हो गई। घटना बीती रात की है। बताया जा रहा है कि शिक्षक की एक और पत्नी थी और उसी को लेकर विवाद होता रहता था। थाना प्रभारी ने कहा कि बंद कमरे में विवाद चल रहा था और बाहर बच्चे चिल्ला रहे थे, लेकिन उनकी बच्चों की पुकार भी नहीं सुनी और हत्या की।

## दरभंगा में ट्रेन में आए पार्सल में धमाका

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में आए पार्सल में जोरदार धमाका हो गया। बताया जा रहा है कि यह पार्सल सिकंदराबाद से आया था। इस घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मच गई। हालांकि, इस दौरान कोई भी हताहत नहीं हुआ। पुलिस बल ने किसी तरह हालात पर काबू पाया। साथ ही, मामले की जांच शुरू कर दी गई। जानकारी के मुताबिक, सिकंदराबाद से ट्रेन में दरभंगा स्टेशन पर आए एक पार्सल में गुरुवार (17 जून) को धमाका होने से भगदड़ मच गई। यह धमाका कपड़ों के एक बंडल में हुआ था, जिससे कपड़े जल गए। खबर मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे। वहीं, रेल डीवाईएसपी नवीन कुमार भी दरभंगा स्टेशन पर पहुंच गए। जब पार्सल को खोला गया तो उसमें कपड़े निकले, जो धमाके की वजह से जल गए थे। उन कपड़ों के बीच एक शीशी मिली। रेलवे पुलिस को शक है कि इस शीशी में कुछ ऐसा केमिकल था, जिससे धमाका हुआ। रेलवे पुलिस के अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पार्सल में हुए विस्फोट से कपड़े के गट्ठर में आग लग गई थी।



## कलेक्टर पर आरोप लगाने वाले आईएएस लोकेश जांगिड़ को जान से मारने की धमकी

### डीजीपी से मांगी सुरक्षा

**भोपाल, यशभारत।** कलेक्टर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाले आईएएस अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़ को अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी है। इस सम्बंध में उन्होंने मध्यप्रदेश के डीजीपी को रिपोर्ट करते हुए सुरक्षा की मांग की है। मध्य प्रदेश के चर्चित आईएएस लोकेश कुमार जांगिड़ ने डीजीपी को मेल भेजकर अपनी सुरक्षा की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें सिग्नल के अज्ञात नंबर से एक धमकी भरा पत्र मिला है। जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। लोकेश कुमार जांगिड़ ने इस पत्र की प्रति भी डीजीपी को भेजी है। बड़वानी जिले के अपर कलेक्टर पद से राज्य शिक्षा केंद्र में पदस्थ किए गए आईएएस लोकेश जांगिड ने आईएएस अधिकारियों के एक ग्रुप में बड़वानी कलेक्टर और मध्यप्रदेश में अफसरों के कामकाज को लेकर जो बातें लिखी हैं, उसने राज्य की सियासत को गरमा दिया है। मध्यप्रदेश के बड़वानी में अपर कलेक्टर के पद से ट्रांसफर होकर राज्य शिक्षा केंद्र भेजे गए आईएएस लोकेश कुमार जांगिड़ की लीक चैट से हड़कंप मच गया है। आईएएस लोकेश के इस कृत्य के बाद सरकार ने उन्हें नोटिस भी भेज दिया है। दरअसल, 2014 बैच के आईएएस लोकेश कुमार जांगिड़ का साढ़े चार साल की नौकरी मे 8 बार ट्रांसफर हो चुका है। हाल ही में उन्हें बड़वानी अपर कलेक्टर पद से राज्य शिक्षा केंद्र में पदस्थ किया गया है। जबकि उन्हें बड़वानी का अपर कलेक्टर बने ज्यादा समय नहीं हुआ था। यहां तक तो सब सामान्य था लेकिन अब आईएएस अधिकारियों के एक ग्रुप में जांगिड़ ने बड़वानी कलेक्टर और मध्यप्रदेश में अफसरों के कामकाज को लेकर जो बातें लिखी हैं, उसने जरुर सियासत को गरमा दिया है।

### समिति इस दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग को लेकर सवाल-जवाब करेगी

# ट्विटर कंपनी के अधिकारियों की शाम संसदीय समिति के सामने पेशी

**टेक डेस्क।** ट्विटर और सरकार के बीच तनातनी बढ़ती जा रही है। संसदीय समिति ने आज शाम चार बजे ट्विटर के अधिकारियों को उसके समक्ष पेश होने के लिए समन जारी किया है। गुरुवार को केंद्र सरकार ने आईटी नियमों का पालन नहीं करने को लेकर ट्विटर कंपनी से कानूनी संरक्षण छीन लिया। आईटी को लेकर गठित स्थाई समिति इस दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग को लेकर सवाल-जवाब करेगी। साथ ही सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल से बचने को लेकर भी जानकारी मांगी जाएगी। बता दें कि नए आईटी कानून को लागू करने में हो रही देरी को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अगुवाई वाली कमेटी ने फेसबुक, ट्विटर समेत कई बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को तलब किया था। संसदीय समिति के नोटिस के मुताबिक, 18 जून को होने वाली बैठक का एजेंडा लोगों के अधिकारों को लेकर ट्विटर अधिकारियों की बात को सुनना है। इस दौरान प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग के अलावा डिजिटल क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा पर भी चर्चा की जाएगी। केंद्र ने हाल ही में ट्विटर का इंटरमीडियरी का दर्जा खत्म कर दिया है।साथ ही कंपनी को भारतीय कानूनों की सीमा में भी लाया गया है।




### सरकार और कंपनी के बीच जारी है विवाद

दरअसल, 2021 में किसान आंदोलन के दौरान सरकार ने कई अकाउंट को बंद करने का आदेश दिया था, लेकिन ट्विटर ने बोलने की आजादी का हवाला देते हुए सरकार का आदेश मानने से इनकार कर दिया । जिसके बाद सरकार ने ट्विटर पर नए नियम लागू करने को कहा, लेकिन यहां भी कंपनी ने सरकार के नए नियम लागू करने में कई खामियों का जिक्र करते हुए तीन महीनों का वक्त मांगा। हालांकि तीन महीने की अवधि खत्म होने के बाद भी कंपनी की ओर से आदेश का पालन नहीं किया गया। इसके अलावा फरवरी में ट्विटर के फाउंडर जैक डोर्सी ने किसान अंदोलन का समर्थन करने वाले ट्वीट्स को लाइक किया था। सरकार ने इस प्लेटफॉर्म की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए थे।



# सर्वे के बाद नियमित होंगी स्पेशल ट्रेनें

## कई ट्रेनों के समय व रूट में बदलाव भी कर सकता है रेलवे



**कटनी।** रेलवे ने यात्रियों को राहत देने के लिए कोरोना काल के दौरान ट्रेनों का संचालन लगातार जारी रखा है। नियमित ट्रेनों को इस दौरान स्पेशल बनाकर चलाया गया। रेलवे अब इन ट्रेनों को फिर से नियमित करने जा रहा है। इसके लिए रेलवे बोर्ड ने सभी रेलवे जोन और रेल मंडल से इस पर मौजूदा स्थिति को देखते हुए मंथन करने कहा है। दरअसल रेलवे नियमित ट्रेनों का दोबारा संचालन करने से पहले रेलवे सर्वे कराएगा। जिसके माध्यम से यह देखा जाएगा कि स्पेशल ट्रेनों को नियमित बनाने में रेलवे और यात्रियों, दोनों को कितना फायदा है। कोरोना काल के दौरान बदली परिस्थितियों को देखते हुए रेलवे कई नियमित ट्रेनों के समय और रूट में बदलाव कर सकता है। यह बदलाव करने से पहले सर्वे का अध्ययन किया जाएगा।

### अभी 15 से 25 फीसदी ज्यादा लग रहा किराया

जबलपुर रेल मंडल ने लगभग 35 से 38 ट्रेनें चलती थीं। इनमें 70 फीसदी ट्रेनों को नियमित चलाया जाता था लेकिन कोरोना काल के दौरान इन्हे स्पेशल बनाकर चलाया जा रहा है। वहीं कई ट्रेनें फेस्टिवल स्पेशल बनकर चल रही हैं लेकिन इन ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को सामान्य ट्रेनों की तुलना में 15 से 25 फीसदी तक ज्यादा किराया देना पड़ता है। यही वजह है कि रेलवे की इन ट्रेनों में कोई यात्री सफर नहीं करना चाहता। रेलवे का दावा है कि जो ट्रेनें स्पेशल बनकर चल रही हैं उनमें सामान्य ट्रेनों की तरह ही किराया लिया जा रहा है।

### गोंडवाना सहित कई ट्रेनें हो सकती हैं नियमित

रेलवे जबलपुर रेल मंडल की कई ट्रेनों को नियमित कर सकता है। इन ट्रेनों के गोंडवाना एक्सप्रेस, मध्यप्रदेश संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, अमरावती एक्सप्रेस, ओवरनाइट एक्सप्रेस, दयोदय एक्सप्रेस, महाकौशल एक्सप्रेस, श्रीधाम एक्सप्रेस व शंक्तिपुंज एक्सप्रेस शामिल हैं।

### नियमित होते ही मिलने लगेगी रियायत

रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाकर यात्रियों को मिलने वाली सभी रियायत पर रोक लगा दी है। यहां तक की सीनियर सिटीजन से लेकर अधिमान्य पत्रकार कोटे पर मिलने वाली रियायत भी बंद है। रेलवे के मुताबिक नियमित ट्रेनों का संचालन शुरू होते ही इन रियायतों को फिर से शुरू कर दिया जाएगा। हालांकि यह ट्रेनें कब से नियमित होंगी। इस बारे में अभी किसी अधिकारी ने स्पष्ट नहीं किया है। हालांकि रेलवे कर्मचारियों को मिलने वाली रियायत स्पेशल ट्रेनों में भी जारी है।

# कोरोना वेक्सीनेशन का महाअभियान 21 जून से

## कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा, पूरी टीम मुस्तैदी से टीकाकरण अभियान में जुटे

**कटनी।** जिले में 21 जून से कोरोना वेक्सीनेशन का महाभियान प्रारंभ होगा। इस महाअभियान में अधिक से अधिक लोग शामिल हों, और कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये टीकाकरण करायें, इस उद्देश्य से जिले में इसके प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने वेक्सीनेशन महाभियान की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होने विस्तार से अभियान को सफल बनाने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि इस अभियान की सफलता के लिये पूरी टीम जुटकर मुस्तैदी से कार्य करे। किसी भी प्रकार की कोताही इसमें बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ ही सीईओ जिला पंचायत और नगर निगम आयुक्त को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लिये सुव्यवस्थित टीकाकरण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि टीकाकरण केन्द्रों का चयन शीघ्र करें। टीकाकरण केन्द्रों में बेहतर व्यवस्थायें हों, इसका ध्यान रखें। रुरल, अर्बन के साथ ही 21 जून को स्पेशल टीकाकरण कैम्प्स का भी आयोजन किया जाये। जिसमें उच्च जोखिम वर्ग के लोगों का वेक्सीनेशन कार्य हो।



### टीकाकरण दल के साथ रिजर्व टीम भी शामिल

टीकाकरण का कार्य प्रभावित ना हो, इसलिये टीकाकरण दल के साथ ही रिजर्व में भी टीम को रखा जाये। प्राईवेट नर्सिंग कॉलेज को भी इस कार्य में जोड़ें। वेक्सीनेशन के रजिस्ट्रेशन के लिये अन्य विभागों के ऑपरेटर्स की भी ड्यूटी लगाई जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में रजिस्ट्रेशन का कार्य ग्राम रोजगार सहायकों से करायें। इस कैम्पेन की पूरी डिजाईन इलेक्शन पैटर्न पर हो। यह निर्देश भी बैठक में कलेक्टर ने दिये। उन्होने कहा कि संबंधित आरआरटी के ऑफीसर्स और जिला अधिकारियों को सेक्टर अलॉट कर जोनल अधिकारी बनायें। जोनल अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी टीकाकरण केन्द्रों की मॉनीटरिंग करें और प्रत्येक एक-एक घंटे में रिपोर्टिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये।

### इलेक्शन पैटर्न की तरह कंट्रोल रुम को एक्टिवेट करें

इलेक्शन पैटर्न की तरह ही कंट्रोल रुम को एक्टिवेट करने के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिये। उन्होने कहा कि मॉकड्रिल भी कराई जाये। वेक्सीनेशन डे पर कंट्रोल रुम के द्वारा निर्धारित समय में सभी केन्द्रों में कॉल करके वेक्सीन डोज पहुंचने, वेक्सीनेशन स्टाफ पहुंचने, टीकाकरण प्रारंभ होने, एक-एक घंटे में वेक्सीनेशन की स्थिति की जानकारी लेकर रिपोर्ट संधारित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेन्स को प्रत्येक घंटे में जोनल अधिकारियों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर रियल टाईम पर उपलब्ध खाली स्लॉट्स की जानकारी वेबसाईट पर अपडेट करने की व्यवस्था कराने के निर्देश भी मीटिंग में कलेक्टर ने दिये। तैयारियों के रिव्यू के दौरान कलेक्टर ने कहा कि इस कार्य में जिला अधिकारियों की भी ड्यूटी लगायें। 18 जून को सभी विकासखण्डों में ब्लॉकस्तरीय क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप की बैठक आयोजित हो जाये, यह सुनिश्चित करें। जिसमें ग्रुप के सदस्यों सहित जनप्रतिनिधियों, एनसीसी के कैडेट्स और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी शामिल करें। टीकाकरण केन्द्र पर टीकाकरण कार्य के लिये लगाये जाने वाले स्टाफका ऑर्डर मोबाईल नंबर के साथ जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये हैं। उन्होने कहा कि इससे कम्युनिकेशन में कोई भी समस्या नहीं होगी। टीकाकरण दलों के सदस्यों के ऑनलाईन प्रशिक्षण के लिये भी कलेक्टर ने निर्देशित किया। बैठक में सीईओ जिला पंचयत जगदीश चन्द्र गोमे, अपर कलेक्टर रामोनुस टोप्पो, नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे, सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा और डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# भीड़भाड़ से बचें, आदत में बदलाव ही कोरोना से बचाव

**कटनी।** 21 जून को 7वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य मे थीम के साथ योगाभ्यास का आयोजन किया जाना है। वर्तमान में कोविड-19 संक्रमण के दौरान विगत वर्ष 2020 की भॉति घर पर ही रहकर विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है। योग से अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये और योग को आम जनता की दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश्य से मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित प्रोटोटाइप के अनुसार विश्व योग दिवस में अपने-अपने घरों से सामूहिक योगाभ्यास किया जायेगा। कोविड-19 और अन्य बीमारी के संक्रमण से बचाव के लिये तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में योग की विशेष भूमिका है। लॉकडाउन के चलते जब सभी लोग घरों में सीमित रह गये और शारीरिक क्रिया-कलाप कम हो गये, जिसका प्रतिकूल प्रभाव शारीरिक और मानसिक स्तर पर पड़ा। साथ ही, जो लोग संक्रमित हो गये थे, उन्हें संक्रमण से और संक्रमण के पश्चात होने वाले अन्य प्रतिकूल प्रभाव से बचाव में आयुष विभाग द्वारा योग से निरोग कार्यक्रम होम आइसोलेटेड मरीजों के लिये प्रारंभ किया, जिसके सार्थक परिणाम रहे हैं। इसी क्रम में योग से निरोग कार्यक्रम से पोस्ट कोविड और अन्य रोगियों को भी जोड़े जाने के लिये कार्यक्रम को निरंतर लागू किया जा रहा है। विश्व योग दिवस के दिन सुबह 7 बजे से 7.45 बजे तक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सहयोग से उचित आसन और प्राणायाम कर विश्व योग दिवस को सफल बनाने की अपील की गयी है। दिनांक 21 जून को आयुष विभाग भारत सरकार द्वारा जारी योग प्रोटोकॉल के अनुसार सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, इण्डियन योग एसोसिएशन, पतंजलि योगपीठ एवं आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य अपने घर से ही योगाभ्यास करेंगे। इसका प्रसारण वेबएक्स एप, यू-ट्यूब, ट्वीटर के माध्यम से किया जायेगा।



# दो दिन में एक बार पेयजलापूर्ति नगर निगम की नाकामी का ज्वलंत प्रमाण

## स्वच्छता पर अपनी पीठ थपथपाने वाले नेता अब गायब

**कटनी। शहर के नागरिकों को दैनिक निस्तार व नहाने का पानी भी नसीब नहीं हो पा रहा है। नागरिक हैरान व परेशान हैं। स्वच्छता अभियान में नंबर आने पर स्वयं की पीठ थपथपाने वाले नेता अब गायब हैं। उक्त आशय के आरोप लगाते हुए पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा कि शहर की इस दशा का हाल बनाने वाले पेयजल उपलब्ध नहीं कराने पर भी अपनी जिम्मेवारी से बच नहीं सकते। यह नगर निगम में पिछले भाजपा के महापौर कार्यकाल की नाकामी का जीता जागता प्रमाण है। आखिर इसकी नाकामी की उपलब्धि का शर्म पदक किसको दिया जाना चाहिए।**



शहर को पेयजल देने वाली कटाएघाट एनीकट बैराज में इस वर्ष जल्दी पानी कम होने से शहर में पेयजल की समस्या पर गत दो माह पूर्व चिंता व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता करण सिंह चौहान ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर पेयजल समस्या हल किये जाने का आग्रह किया था एवं उन्होंने आगाह किया था कि जीवनदायिनी कटनी नदी के सूखने से पेयजल समस्या बढ़ेगी। नगर निगम पेयजल संकट से लोगों को बचाने के लिए शहर की कई खदानों का उपयोग करने का कार्य योजना की आवश्यकता थी, जिसमे आर्डिनेंस फैक्ट्री क्षेत्र में एसीसी और विश्वकर्मा खदान का सहारा लिया जा सकता था। शहर में अनुमानित 5 हजार से अधिक नल कनेक्शन हैं और पानी की कमी के कारण उपयोगकर्ताओं को दो दिन मे एक समय ही पानी देने का कार्यक्रम नगर निगम ने बनाया है पानी के संकट से लोगों को बचाने के लिए नगर निगम द्वारा योजना से काम न करने पर न नाराजगी जताते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने बताया कि नगरपालिक निगम की लापरवाही से लोगों को पानी नहीं मिल रहा है और आक्रोश बढ़ रहा है। अधिकारी अपने कक्ष से बाहर निकलकर हकीकत नहीं देख रहे है और नागरिक पानी को तरस रहे हैं दो दिवस मे एक समय पानी की सप्लाई पा रहे लोगों को अब टेंकरों से आपूर्ति आवशयता है। टैंकरों से सप्लाई के संबंध में सभी योजनाएं फेल है कटनी शहर के 45 वार्डों में किन किन वार्डों में पेयजल टैंकरों से पहुंचाया जाएगा टैंकरों से पानी पहुंचाने की निविदा तक नहीं बुलाई गई और अब तो भगवान भरोसे ही पेयजल व्यवस्था होगी।




# जन्मदिवस पर याद किया पद्मश्री नाना चुडासमा को

**कटनी।** जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय पद्मश्री नाना चुडासमा के जन्मदिन पर जायंट्स ग्रुप आफ वैदेही की नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमति संतोष जैन के नेतृत्व में सर्वप्रथम तैलचित्र पर सभी सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। ततपश्चात तुलसी गार्डन में वृझारोपण किया गया। जायंट्स फेडरेशन ऑफिसरस निशा तिवारी, पूर्व अध्यक्ष शशि यादव, रश्मि सरावगी, प्रशासन संचालक मंजू नेमा, सविता पुरवार, सीमा लहरिया, मंजू खरे, गायत्री निगम, पायल जेतवानी, रीना चौहदा की उपस्थिति रही। तुलसी गार्डन मे तुलसी, बेलपत्र, पपीता, पीपल के पौधा लगाया गया, इस अवसर पर समाजिक कार्यो पर चर्चा करते हुए फेडरेशन आफिसरस श्रीमति निशा तिवारी ने सभी सदस्यों के समाज सेवा के कार्यो की प्रशंसा करते हुए मार्गदर्शन किया।

# अफवाहों में नहीं आएं, वैक्सीन लगवाएं





### युवा शक्ति कोरोना मुक्ति अभियान के तहत उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्चशिक्षा विभाग के आदेशानुसार शासकीय महाविद्यालयों के 25 अधिकारियों ने युवा शक्ति कोरोना मुक्त अभियान कोविड अनुकुल व्यवहार एंव कोविड वैक्सिनेशन के सम्बन्ध में प्राध्यापकों का उन्मुखीकरण जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा शक्ति कोरोना मुक्त अभियान को सार्थक बनाने के उद्देश्य से डॉ. समीर सिघई नोडल अधिकारी टीकाकरण जिला चिकित्सालय डॉ. चित्रा प्रभात प्राध्यापक एंव प्रशासनिक अधिकारी शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी की अध्यक्षता में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम डॉ. चित्रा प्रभात ने युवा शक्ति कोरोना मुक्त अभियान के उद्देश्यों की जानकारी प्रदान की तथा उन्होने कहा की समाज के हर वर्ग को कोविड का टीका लगवाना चाहिए। डॉ समीर सिघई नोडल अधिकारी टीकाकरण जिला चिकित्सालय कटनी ने कहा कि टीकाकरण के सम्बन्ध में फैली अफ्वाहों एंव भ्रामक बातों में न आये कोरोना के बचाब हेतु युवाओं को कोरोना के बचाब हेतु आगे आकर स्वयं टीका लगवाये एंव परिवार के सभी सदस्यों को टीका लगवाने हेतु जागरुक करें। एंव समाज में वैक्सीन को लेकर जो भ्रान्तिया फैली हुई है उसे दूर कर लोगों को वैक्सिनेशन के लिए प्रेरित करें तथा उन्होन कोविड 19 के लक्षणों के बारे में मास्क का उपयोग कैसे करें लोगों से दूरी बनाना समाजिक दूरी शासन के निर्देशों का पालन करने हाथ के स्वच्छता अधिक जोखिम वाले समूह से दूरी बनाना आदि बिन्दुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया अगले क्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारी महाविद्यालय के छात्रों (युवा वर्ग को) को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे इस प्रशिक्षण में कटनी जिला के समस्त शासकीय महाविद्यालय एंव पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक एंव अतिथि विद्वानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किये इस प्रशिक्षण में डॉ. चित्रा प्रभात, डॉ. किरण खरादी, डॉ.सरदार दिवाकर,डॉ. रुकमणी प्रताप सिंह,आलोक कुमार मिश्रा,डॉ. रिश्री प्रताप सिंह,श्री इप्दु कुशराम,श्रीमती आरती धुर्वे,श्रीमती अभिलाषा चौरासिया, डॉ. धीरज डिकोनिया,डॉ. अरविन्द सिंह,डॉ. राजकुमार,श्री अतुल कुमार,प्रिंयका तोमर,इत्यादि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। आभार प्रदर्शन डॉ. रुकमणी प्रताप सिंह जिला संगठक रा.से.यो. ने किया।

# आवारा मवेशियों को कांजीहाउस में रखने के निर्देश

**कटनी।** नगर के सार्वजनिक मार्गो में आवारा मवेशियों के विचरण के कारण आवागमन अवरूद्ध न हो इस हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड स्थित अमीरगंज मे नवनिर्मित कांजी हाउस परिसर में आवारा मवेशियों को रखनें के निर्देश प्रदान किये है। निगमायुक्त श्री सिंह नें कांजी हाउस की संपूर्ण व्यवस्था हेतु प्रभारी अधिकारी का दायित्व प्र.स्वा.अधिकारी महेन्द्र सिंह परिहार को प्रदान कर कांजी हाउस में आवश्यकतानुसार सफाई मित्रों एवं चौकीदार की व्यवस्था कर तथा रसीद जारी करते हुए निर्धारित शुल्क निगम कोष में जमा करने हेतु के निर्देश प्रदान किये है। मवेशियों हेतु कांजी हाउस में पेयजल के प्रबंध तथा भूसा, चारा आदि की आवश्यक व्यवस्थाओं का दायित्व उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, उद्यान पर्यवेक्षक अभिषेक अरजरिया तथा स्टोर कीपर आदित्य मिश्रा को सौपा जाकर सौपी गई व्यवस्थाओं को प्राथमिकता से पूर्ण करानें के निर्देश प्रदान किये है।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग खरे
डॉ. कनिका अग्रवाल
डॉ. जाकिर हुसैन
डॉ. अनिमेष गुप्ता
24x7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग
उपलब्ध विभाग
हेल्पलाईन नं.8982275111
उपलब्ध सुविधायें
- मेडिसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट
भर्ती मरीजों के लिए नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 18 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

**21 जून से 25 जून तक रहेगी रद्द**

## नर्मदा एक्सप्रेस में आरक्षण कराने वाले यात्रियों को मिलेगा पूरा रिफंड

कटनी। बिलासपुर से इंदौर के बीच कटनी साउथ स्टेशन होकर प्रतिदिन चलने वाली नर्मदा एक्सप्रेस को 21 जून से चार दिन के लिए रद्द कर दिया गया है। वही इंदौर से कटनी साउथ स्टेशन होकर बिलासपुर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस भी इस दौरान रद्द रहेगी। यह गाड़ी 22 से 25 जून तक रद्द की गई है। वहीं इस दौरान जिन यात्रियों ने ट्रेन में रिजर्वेशन कराया था, रेलवे उन्हें सौ फीसदी रिफंड देगा। इस संबंध में रेल अधिकारियों ने बताया कि कटनी के पास कटंगी खुर्द स्टेशन पर रेलवे का प्री नॉन इंटरलॉकिंग तथा इंटरलॉकिंग कार्य प्रारंभ होने के कारण रेल प्रशासन ने नर्मदा एक्सप्रेस के साथ ही भोपाल से संतरागाछी के बीच कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 02157/02158 हमसफर एक्सप्रेस को भी 23 एवं 24 जून को रद्द कर दिया है।



### परिवर्तित मार्ग से चलेंगी कई ट्रेनें

इस नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पांच यात्री गाड़ियों की दिशाओं को भी परिवर्तित किया गया है। इसमें दुर्ग से कानपुर के बीच कटनी जंक्शन होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 08203, दुर्ग से नौतनवा के बीच कटनी जंक्शन होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 08201, बलसाड से पुरी के बीच कटनी साउथ स्टेशन होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 09209, कोलकाता से चलकर आसनसोल सिंगरौली, कटनी मुड़वारा, सागर, कोटा, अजमेर मार्ग से मादर स्टेशन तक जाने वाली गाड़ी संख्या 09607 तथा हावड़ा से भोपाल के बीच कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली यात्री गाड़ी नंबर 03025 शामिल हैं। इन सभी ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।







## मलेरिया से बचाव के लिए सिन्थेटिक पायरेथ्राईड कीटनाशक का छिड़काव

**कटनी।** मलेरिया से रोकथाम हेतु जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत कटनी जिले के 1 एपीआई के अधिक के 10 ग्रामो में 5 प्रतिशत कीटनाषक दवा का छिड़काव कार्य दल के द्वारा 16 जून से प्रांरभ कर दिया गया है। कीटनाशक एल्फासाइप्रमेप्रिन का छिडकाव ढीमरखेड़ा ब्लाक के ग्राम पड़रिया खुर्द, धोरेष्वर, कछारगॉव छोटा, इमलई, हल्का में, ब्लाक रीठी के ग्राम घुमची, तिघरा कला, टोला में, ब्लाक विजयराघवगढ के ग्राम गोइन्द्रा व जमवारनी खुर्द में 2 चरणों में किया जायेगा। प्रथम चरण 16 जून से 31 जुलाई एवं द्वितीय चरण 1 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक किया जाना है। ग्रामीणजनों से अपील की गई कि घर के प्रत्येक कमरे में छिडकाव करवाये तथा जनसमुदाय से कहा गया कि छिड़काव कार्य में सहयोग करें तथा छिडकाव कार्य होने के बाद ढाई माह तक लिपाई पुताई ना करे तथा पूर्ण छिड़काव करवाने की अपील की गई है। एल्फासाइपरमेथ्रिन घर की दीवारो पर स्प्रे किया जाता है, इसका असर 3 महीने तक रहता है। मलेरिया फैलाने वाले मच्छर घरों की छत एवं दीवार पर बैठते है और कीटनाषी छिड़काव किये गये सतह पर मच्छरों के बैठने पर कीटनाशक के असर से मर जाते है, जिसस मलेरिया बीमारी पर नियंत्रण तो होता है। वहीं मच्छरों के प्रकोप से राहत होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रदीप मुडिया एवं जिला मलेरिया अधिकारी शालिनी नामदेव द्वारा ग्रामवासियों से अपील की गई है कि गई है कि छिड़काव कार्य मे सहयोग कर कटनी जिले को मलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करे।



## पोकलिन मशीन से बाईपास पुल के नीचे नदी की सफाई

कटनी। कटनी नदी के पानी के प्रवाह को दृष्टिगत रखते हुये बायपास में पुल के नीचे नदी में पोकलिन मशीन के माध्यम से सिल्ट हटाकर नदी की सफाई का कार्य किया जा रहा है। ब्रिज निर्माण कंपनी मेसर्स श्री कन्सट्रक्शन द्वारा विगत दो दिवसों ये नदी की सिल्ट हटाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान नदी में पानी के प्रवास और बैराज में जल की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुये एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेज को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिसके परिपालन में नदी में सिल्ट हटाने और सफाई का कार्य संबंधित एजेन्सी द्वारा पोकलिन मशीन के माध्यम से कराया जा रहा है।

## निबंध स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से किया जागरूक

**सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत आयोजित हुई स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता**






**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण की गतिविधियों से आमजनों को अवगत कराकर नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें में सहयोग प्रदान करनें के उद्वेश्य से कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर के विभिन्न स्थलों में रोजाना जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कराया जा रहा है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम की सहयोगी संस्था द्वारा बिरसा मुंण्डा वार्ड स्थित मंदिर परिसर के बाहर स्थानीय बच्चों की निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाकर स्वच्छता के संबंध में विचार लिये गए। इस दौरान उपस्थित बच्चों को स्वच्छता गतिविधियों से अवगत कराते हुए अपनें घरों में डस्टबिन का उपयोग कर नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करनें की अपील की गई। वार्ड की स्लम बस्तियों में सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के अन्तर्गत स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाकर सेप्टिक टेंक और सीवर की सुरक्षित सफाई के चार नियमों नियमित सफाई एवं अनुरक्षण, अधिकतम यंत्रीकरण, निर्धारित नियमों और प्रणाली का पालन एवं सुरक्षा उपकरण की जानकारी से अवगत कराया जाकर सेप्टिक टैंक की सुरक्षित सफाई करानें एवं असुरक्षित सफाई होते पाये जानें की सूचना टोल फ्री नंबर 14420 पर देनें की अपील की गई।

## जिले में अब तक 96.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

**कटनी।** जिले में 1 जून से 17 जून 2021 तक 96.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 17 जून 2021 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र कटनी में 45.8 मिलीमीटर, रीठी में 62.5, बड़वारा में 65.0, बरही में 232.0, विजयराघवगढ़ में 161.5, बहोरीबंद में 87.5, स्लीमनाबाद में 73.0 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 51.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले की तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे औसतन 7.5 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज हुई। जिसमें तहसीलवार 17 जून को हुई वास्तविक वर्षा के अनुसार कटनी तहसील में निरंक, रीठी तहसील में 0.5, बड़वारा तहसील में निरंक, बरही तहसील में 34.0, विजयराघवगढ़ तहसील में 26.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इसी प्रकार बहोरीबं, स्लीमनाबाद और ढीमरखेड़ा में निरंक वर्षा रिकॉर्ड की गई।





## महंगाई चरम पर, सरकार निरंकुश

**शहर कांग्रेस द्वारा मंडलम-सेक्टर बैठकें निरंतर जारी**

**कटनी।** विगत दिवस कटनी जिला शहर कांग्रेस कमेटी अंतर्गत विवेकानंद वार्ड, लखेरा में विवेकानंद मंडलम कांग्रेस एवं राठौर धर्मशाला फोरेस्टर वॉर्ड में मौलाना अबुल कलाम आजाद मंडलम कांग्रेस और सेक्टर के गठन हेतु बैठकें आयोजित की गई। बैठक में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन एडवोकेट ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से लोगों में निराशा हो चुकी हैं। महंगाई चरम पर है। धर्म के नाम पर लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है। आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष इश्तियाक अहमद, गिरीश गर्ग एडवोकेट, राजेश जाटव, संजू गुप्ता, अशोक मौर्य, दिग्विजय सिंह, रामा चतुर्वेदी, विनय निगम, ओमप्रकाश सकतेल, मनोज रैकवार, मंगल सिंह, रामाधार रजक, प्रदीप सिंह, कल्पना बंशकार, नीलेश विश्वकर्मा, रवि राज, प्रदीप सिंह, अमन यादव, सत्यम, शिवम राठौड़, संजय वर्मा, सोहनलाल साहू, शैलेंद्र कुमार जानोपर, हीरालाल सोनखरे, राजकुमार राने, रामप्रसाद, रितिक कुंडे, इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## महंगा पेट्रोल भरवा रहे उपभोक्ताओं का सम्मान

**डीजल पेट्रोल के बढ़ते दामों के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन**



**कटनी।** आम आदमी पार्टी जिला कटनी की छात्र इकाई सीवायएसएस द्वारा बढ़ती डीजल पेट्रोल के दामों के विरोध में विगत 16 जून को मिशन चौक पेट्रोल पंप, नदीपार पेट्रोल पम्पो पर पेट्रोल डीजल उपभोक्ताओं को फूल माला पहनाकर व फूल देकर इतनी भीषण कमर तोड़ मंहगाई में भी मजबूरी वश महंगा पेट्रोल भरवाया जा रहा है। केंद्र सरकार का इतना जुल्म सहकर भी अपने परिवार के भरण पोषण में लगे है उनका सम्मान किया गया व जमकर केंद्र सरकार व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। व युवाओं ने बेरोजगारी के अभाव में महंगा पेट्रोल न खरीद पाने के कारण अपनी मोटरसाइकिल को बेचने हेतु दोनों पेट्रोल पम्पो के सामने सेल बम्फर सेल लगा कर प्रदर्शन किया।

आम जनों राहगीरों से इस विषय पर चर्चा की जिसका आम जनों ने भी पार्टी सदस्यों के साथ इन भ्रष्ट सरकारों का जमकर विरोध किया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट सुनील मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अफरोज अहमद, गुप्तेश्वर साहू नगर अध्यक्ष शुरेश जायसवाल, युथ विंग प्रभारी लक्की सिंह रावत सीवायएसएस प्रभारी ओम त्रिसोलिया, सोनू गट्टानी, अभिषेक बजाज, प्रतीक पाठक, प्रकाश जैन, अभि तिवारी, नितिन साहू, अनीश निषाद, आयुष द्विवेदी, कुलदीप पयासी, पवन सैनी, अकील मुहम्मद, विजय पटेल, अनुज पांडेय, साराँश पांडेय, विशाल ठाकुर, शुभम ताम्रकार, सद्दू दहिया आदि सीवायएसएस साथियों की उपस्थिति रही।

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**

**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**

**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**

**मो. 8109417340**

## राहत शिविर चिन्हित, अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम गठित

**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा शासन निर्देशों के परिपालन में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से निपटनें की पूर्व तैयारियों के तहत नगर निगम सीमान्तर्गत अतिवृष्टि, बाढ़, निचली बस्तियों में जलभराव की स्थिति के दौरान प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने तथा इनसे प्रभावित क्षेत्रों में निवासरत व्यक्तियों को राहत षिविरों तक पहुंचाने एवं राहत शिविरों की व्यवस्था हेतु क्षेत्रवार राहत शिविर स्थलों का चयन कर प्रत्येक क्षेत्र का दल प्रभारी नियुक्त करते हुए दलों का गठन किया है। नगर के चिन्हित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों गाटरघाट क्षेत्र आजाद चौक के लिये दो राहत शिविरों मनोहर शिशु मंदिर भवन व धन्तीबाई स्कूल भवन, मोहन घाट क्षेत्र आदर्ष कालोनी क्षेत्र हेतु के.सी.एस. कन्या शाला भवन, नदीपार शाला भवन, गिरजाघाट क्षेत्र, आधारकाप एवं चक्कीघाट हेतु सरस्वती शाला, नई बस्ती तिलक राष्ट्रीय स्कूल, यशोादाबाई पुत्री शाला, अम्बेडकर वार्ड स्थित बाबा घाट हेतु तीन स्थलों पुरवार शा.



भवन, गणेश चौक, छात्र संग्राम परिषद शाला, सामुदायिक भवन, एन.के.जे. गांधी गंज, जयप्रकाश वार्ड क्षेत्र हेतु साधूराम उ0मा0वि0 भवन, सिंधी उमावि भवन व शेर चौक पुरवार कन्या शाला को चिन्हांकित किया गया है। राममनोहर लोहिया वार्ड, नदीपार क्षेत्र एवं कुशवाहा नगर, कुठला, आधारकाप क्षेत्र हेतु रैन बसेरा, बस स्टैण्ड, कुठला सामुदायिक भवन, षासकीय शा. भवन कुठला, शासकीय शाला भवन पुरैनी तथा फिल्टर प्लांट क्षेत्र, अमकुही क्षेत्र, हाउसिंग बोर्ड की बस्ती, इन्द्रा ज्योति कॉलोनी, बजरंग नगर कॉलोनी हेतु तीन स्थलों 1- शासकीय शाला भवन झिंझरी, सामु0 भवन योजना क्र. 06, सरस्वती स्कूल संजयनगर व शहडोल रोड क्षेत्र हेतु निषाद स्कूल शाला भवन तथा छपरवाह, मंगलनगर एवं एन.के.जे. क्षेत्र हेतु भी तीन राहत शिविर केन्द्रों सामुदायिक भवन मंगलनगर, शासकीय स्कूल छपरवाह एवं एन.के.जे. स्कूल को चिन्हित कर शिविर स्थलों की आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने राहत शिविरों के रिजर्व क्षेत्र के अन्तर्गत नगरपालिक निगम, कटनी कम्युनिटी हॉल, ए. रविन्द्रराव, गुलाबचंद्र शाला भवन एवं मंगलनगर शासकीय शाला भवन को चिन्हित कर किसी भी प्रकार की आपदा आने पर जिला एवं पुलिस प्रशासन के संपर्क में रहकर विभागीय व्यवस्थाएं समय पर उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया है।

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

**विशेषतायें**

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# ट्रैक वेल्डिंग में सुधार, रेलवे ने हर साल बचाए 12 करोड़

## उच्च तकनीक के प्रयोग से ट्रैक के अनुरक्षण में 6225 ब्लॉक घण्टे की बचत



**कटनी।** भारतीय रेलवे पर ट्रैक की सुरक्षा और विश्वसनीयता में सुधार के लिए रेल की वेल्डिंग एक महत्वपूर्ण कारक रही है। भारतीय रेलवे एटी वेल्डिंग की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए काफी समय से प्रयासरत था। वर्तमान में भारतीय रेलवे नेटवर्क पर लंबे समय से इस्तेमाल की जा रही ट्रैक लंबी वेल्डिंग की कार्य प्रणाली में सुधार लाने हेतु रेलवे बोर्ड अधिक ध्यान दिया जा रहा था। जिसके परिणाम स्वरूप अब उच्च तकनीक सिंगल शॉट वेल्डिंग प्रणाली का प्रयोग करके ट्रैक की संरक्षा को और अधिक मजबूती प्रदान की गयी है। इस वेल्डिंग की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता ट्रैक की गति वहन क्षमता को बढ़ाता है। जोन महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन, प्रमुख मुख्य अभियंता ए के पाण्डेय और मुख्य रेल पथ अभियंता राजेश अरोरा के निर्देशन तथा इंजीनिरिंग विभाग के नेतृत्व में पश्चिम मध्य रेल ने दो चरणों की कार्ययोजना बनाई। प्रथम चरण में उन्नयन और बुनियादी ढांचे के सुधार और दूसरे चरण में गहन निगरानी और प्रक्रियात्मक परिवर्तन के लिए तैयार की कार्ययोजना को शुरू किया। पश्चिम मध्य रेलवे ने दो चरणों में अच्छे वेल्डिंग क्वालिटी में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब पमरे में उच्च क्वालिटी के वेल्डिंग का प्रदर्शन जहां 2016-18 में 81.67 प्रतिशत था तो वहीं अब 2020=21 में 99.96 प्रतिशत हो गया है। जो भारतीय रेलवे को सर्वश्रेष्ठ ट्रैक वेल्डिंग प्रदर्शन है, जिसे रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान पश्चिम मध्य रेल की सराहना की गई एवं अवॉर्ड से सम्मानित किया। वेल्डिंग तकनीकी में सुधार ने मुख्यालय के ट्रैक इंजीनियर और डिवीजन वेल्डिंग स्टाफ के साथ.साथ डिवीजन के भारी प्रयासों को शामिल किया है जिससे दिनों दिन एटी वेल्डिंग की गुणवत्ता प्रक्रिया में सुधार हुआ है। उच्च तकनीक ट्रैक वेल्डिंग प्रक्रिया अपनाने से जहाँ ट्रैक की संरक्षा मजबूत हुई एवं ट्रैक गति में सुधार हुआ, वही उक्त प्रणाली का उपयोग कर पमरे ने प्रतिवर्ष वेल्ड की प्रतिस्थापना में रेलों की बचत 7 करोड़ रुपये वहीं वेल्डिंग सामग्री में 5 करोड़ इस प्रकार कुल रुपये 12 करोड़ की बचत हुई और यह प्रणाली पुरानी वेल्डिंग प्रणाली की तुलना से अधिक मितव्ययिता पूर्ण है। अतः अब भविष्य में उच्च तकनीक की वेल्डिंग प्रणाली का प्रयोग किया जायेगा।

### बुनियादी ढांचे में सुधार

- ग्लिसरीन से भरे प्रेशर गेज नयी तकनीक का प्रयोग किया गया और सही वेल्डिंग पैरामीटर सुनिश्चित किया।
- डिजिटल थर्मल इंफ्रा. रेड लेजर थर्मामीटर से सटीक तापमान के माप के लिए अपनाया गया।
- उच्च गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित किया और वेल्डर प्रदर्शन का मूल्याकंन किया।
- उपकरण की पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए वेल्डर टूल बॉक्स बनाए गया है।
- वेल्डिंग अनुसूची का मानकीकरण किया गया। गुणवत्ता सुनिश्चित करने और बेहतर गुणवत्ता के लिए वेल्डरों को सक्षम बनाने के लिए प्रक्षिक्षण योजना तैयार की गई।
- सूचना और गुणवत्ता नियंत्रण विधियों, तकनीकों, नवाचारों के प्रसार के लिए वेल्डिंग सेमिनार किया गया।

### गहन निगरानी और प्रक्रियात्मक परिवर्तन

- वेल्डिंग की गुणवत्ता के लिए इनको 05 श्रेणी में वर्गीकरण किया।
- सभी सहायक मण्डल अभियंता वेल्ड की गुणवत्ता और उच्च श्रेणी वर्गीकरण में वेल्डिंग करने के लिए प्रकिया आदेश जारी किये। किसी भी सीमा रेखा और खराब गुणवत्ता वाले वेल्ड की सख्त निगरानी की गई और उसी में सुधार के लिए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की गई।
- ट्रैक प्रबंधन प्रणाली में संशोधन किया गया और गहन निगरानी का लाभ उठाया गया।
- उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वेल्डर्स को प्रमाणपत्र एक प्रेरक प्रोत्साहन के रूप में दिया गया और अन्य लोगों को प्रेरित किया गया कि भी अपेक्षित गुणवत्ता मानदंडों को बढ़ाएं।

# जिला व तहसील न्यायालयों में 10 जुलाई को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

### आपसी रजामंदी से होगा हर विभाग के लंबित मामलों का निराकरण

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार सर्वोच्च न्यायालय से लेकर तहसील न्यायालयों तक 10 जुलाई शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा तथा इसी क्रम में जिला एवं तहसील न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।



आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर होगा प्रकरणों का निराकरण

इस नेशनल लोक अदालत में सिविल, आपराधिक, चेक बाउंस, विद्युत अधिनियम, जल कर, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम न्यायालय, भूमि अधिग्रहण, बैंक रिकवरी, राजस्व प्रकरण (न्यायालयों में लंबित) तथा राजीनामा योग्य न्यायालयों में लंबित एवं ऐसे प्रकरण जिनमें विवाद है परंतु न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, उनका निराकरण आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में बैंक रिकवरी प्रकरणों, विद्युत के प्रकरणों तथा नगर निगम के जल कर के प्रकरणों में समय-समय पर शासन के निर्देशानुसार विशेष छूट का लाभ दिया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सिविल प्रकरणों में राजीनामा किए जाने पर आवेदकों को संपूर्ण कोर्ट फीस वापस प्राप्त होगी।

### लोक अदालत में मिलता है शीघ्र एवं सस्ता न्याय

लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण से पक्षकारों को त्वरित, शीघ्र एवं सस्ता न्याय प्राप्त होता है। लोक अदालत में पारित अवार्ड की अपील एवं रिवीजन भी नहीं होती है, जिससे प्रकरणों के निराकरण में लगने वाले समय की बचत होती है। पक्षकारों से अपील की गई है कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने प्रकरणों का निराकरण करा कर लोक अदालत का समुचित लाभ उठाएं।

# पल्लेदार से 81 हजार की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

## ढाई लाख रूपए लोन दिलाने के नाम पर की थी धोखाधड़ी, सीसीटीवी कैमरे फिर बने पुलिस के मददगार



**कटनी।** मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले एक पल्लेदार को ढाई लाख रुपए दिलाने का झांसा देकर उसके खाते से 81 हजार रुपए निकालने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक ने अपने आप को बैंक का फायनेंस कर्मी बताया था और उसे किसी सरकारी योजना से ढाई लाख रुपए दिलाने का झांसा दिया था। पुलिस ने बताया कि कुठला थाना अंतर्गत ग्राम घंघरीखुर्द निवासी प्रीतम साहू द्वारा शिकायत दी गई थी। जिसमें उसने बताया था कि वह झंडा बाजार में पल्ले दारी का कार्य करता है। उसके पास चार महीने पहले एक युवक आया और उसने कहा कि उसका नाम प्रदीप पटैल है, वह बिरुहली गांव का रहने वाला है। उसके द्वारा यह भी बताया गया कि वह बैंक में फायनेंस का कार्य करता है। इस तरह प्रदीप पटैल ने उससे मेल-जोल बढ़ाया और कहा कि उसे ढाई लाख रुपए की सहायता परिवार पालने के लिए मिल जाएगी। इस तरह का प्रलोभन देने के बाद उसने प्रीतम साहू से पासबुक और आधार कार्ड लाने को कहा। आधार कार्ड और पासबुक मिलने के बाद उसने कुछ दस्तावेजों में उसके हस्ताक्षर करवाए। उन्हीं दस्तावेजों में बैंक से रुपए निकालने वाले दस्तावेज भी था। हस्ताक्षर होने के बाद बैंक से दो बार में 81 हजार रुपए निकाल लिए गए। जिसकी जानकारी प्रीतम साहू को तब मिली जब वह बैंक में पास बुक में एंट्री कराने के लिए गया। पुलिस ने सीसीटीवी पुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरु की और उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में कोतवाली प्रभारी विजय विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक ताहिर खान, आरक्षक पलाश दुबे, राजेंद्र उइके, अजय सिंह की भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक ने प्रीतम को अपना नाम प्रदीप पटैल बताया था और निवास स्थान बिरुहली बताया था जबकि उसका नाम शिव प्रसाद राय है और वह विजयराघवढ़ थाना अंतर्गत ग्राम जैतवारा खुर्द का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी करने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।





# सैनेटाईजेशन अभियान चलाकर किया विसंक्रमित

**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था एवं संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण लगाये जानें के उद्धेश्य से नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित नगर के विभिन्न रहवासी क्षेत्रों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों में सैनेटाइजेशन का अभियान निरंतर जारी है। सैनेटाइजेशन प्रभारी अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में रोजाना चलाये जा रहे सेनेटाइजेशन अभियान के तहत नगर के विभिन्न रहवासी स्थलों बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित पन्ना मोड गली नंबर-2, पुरैनी स्थित मीराधाम कॉलोनी के विभिन्न रहवासी क्षेत्रों, ऑडिटोरियम परिसर, राजीव गांधी वार्ड स्थित सत्यनारायण मंदिर के सामनें वाली गली, खिरहनी आंगनबाडी केन्द्र, दुबे कॉलोनी की विभिन्न गलियों, रोशननगर विंग्स स्कूल के पास, द्वारका सिटी, माधवनगर स्थित उपकार्यालय, उपस्वास्थ्य केन्द्र, पंजाबी घर्मशाला, राय कॉलोनी स्थित छात्रावास एवं अन्य विभिन्न स्थलों, विवेकानंद वार्ड स्थित लखेरा की विभिन्न गलियों सहित नगर के अन्य स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल से सैनेटाइजेशन का कार्य किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करनें की कार्यवाही की गई।

# शहर की सफाई व्यवस्था में मुस्तैद निगम के स्वच्छता दूत







**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा दो पालियों के माध्यम से नगर की सफाई व्यवस्था एवं कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु प्रोटोकॉल के साथ चिन्हित स्थलों से सब्जी फल का व्यवसाय संचालित करानें एवं सैनेटाइजेशन अभियान चलाकर रोजाना सार्थक प्रयास किये जा रहे है। नगर की सफाई व्यवस्था सुचारू बनी रहे इस हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा रोजाना नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गों, बाजार क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई का कार्य अनवरत जारी रखा नगर को स्वच्छ रखनें का कार्य अनवरत जारी है। आज प्रातः 5 बजे से स्वच्छता दूतों द्वारा सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के थोक एवं फुटकर सब्जी फल व्यवसाय के चिन्हित मंडी स्थलों, बस स्टेण्ड परिसर के विभिन्न स्थलों सहित जिला चिकित्सालय के कचरे के उठाव का कार्य कराया गया।

नगर के मुख्य मार्गो पन्ना मोड, मिशन चौक, झंडा बाजार के मुख्य मार्गो, वीर सावरकर वार्ड स्थित आधरकाप मे रेलवे लाईन किनारे नाले की गाजर घांस की कटाई, खिरहनी फाटक ओव्हर ब्रिज मार्ग एवं मार्ग के आजू बाजू, भट्टा मोहल्ला स्थित भीमराव चौक से विवेकानंद चौक, भट्टा मोहल्ला सुलभ काम्पलेक्स की सफाई एवं धुलाई, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला शमशान भूमि के सामनें रोड की खरपतवार की सफाई उपनगरीय क्षेत्र श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न मार्गो की सफाई सहित नगर के मुख्य मार्गो के डिवाईडरों की सफाई व्यवस्था के तहत इंदिरा नगर मुख्य मार्ग, बरगवां ओव्हर ब्रिज के पास, माधवनगर गेट के पास के डिवाइडरों की सफाई का कार्य कराया गया।

### नाले नालियों की सफाई का कार्य अनवरत जारी

वर्षा पूर्व स्वच्छता मित्रों के माध्यम से नगर के बडे एवं छोटे नाले-नालियों सफाई व्यवस्था अन्तर्गत वेंकट वार्ड स्थित शास्त्री कॉलोनी के के विभिन्न स्थलों, राजीव गांधी वार्ड स्थित बैलटघाट बस्ती , अंबेडकर वार्ड में विभिन्न स्थलों के नाले नालियों की जे.सी.बी मशीन से सफाई रधुनाथ गंज वार्ड अजय सरावगी के घर के पास, कावस जी वार्ड स्थित लख्खु साहू के घर के पास, फारेस्टर वार्ड स्थित सुदर्शन बाल मंदिर रोड, माधवनगर इंड्रस्ट्रियल कॉलोनी सहित नगर के अन्य स्थलों के बडे एवं छोटे नाले नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/- |
| 3 दिन | – | 250/- |
| 7 दिन | – | 500/- |
| 15 दिन | – | 1200/- |
| 30 दिन | – | 1800/- |

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# वैक्सीन का टोटा, कैसे सफल होगा कोरोना वैक्सीनेशन महाभियान ?

## 120 सेंटरों पर हर दिन 11 हजार लागों को टीके लगाने का टारगेट

**स्वास्थ्य विभाग का दावा : महा अभियान के पहले होगी वैक्सीन की आपूर्ति**

**16 जून को जिले में कोरोना वैक्सीनेशन पर एक नजर**

| विकासखंड | कोवीशील्ड 45+ | कोवेक्सीन 45+ सेकेंड डोज | कोवीशील्ड 18+ | कोवेक्सीन 18+ सेकेंड डोज | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| बड़वारा | 113 | ----- | 273 | ----- | 386 (97%) |
| बहोरीबंद | 109 | ----- | 462 | ----- | 571 (114%) |
| ढीमरखेड़ा | 126 | ----- | 403 | ----- | 529 (118%) |
| कटनी | 223 | 15 (30%) | 727 | 168(112%) | 1133 (91%) |
| कन्हवारा | 124 | ----- | 398 | ----- | 522 (104%) |
| रीठी | 78 | ----- | 332 | ----- | 410 (103%) |
| विजयराघवगढ़ | 116 | ----- | 408 | ----- | 524 (105%) |
| बरही | 83 | ----- | 225 | ----- | 308 (103%) |
| योग | 972(194%) | 15 (30%) | 3228(90%) | 168(112%) | 4383 (102%) |

**कटनी।** राज्य सरकार के निर्देश पर पूरे प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में भी कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान जोर-शोर से संचालित किए जाने तैयारियां शुरू हो गई है। सोमवार 21 से 30 जून तक संचालित होने वाले कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान के लिए टीमों को अलर्ट कर दिया गया है। महा अभियान का नेतृत्व स्वयं कलेक्टर प्रियंक मिश्रा कर रहे हैं। प्रशासनिक और स्वास्थ्य विभाग का अमला महाअभियान को सफल बनाने के लिए जुट गया है लेकिन सवाल यह है कि जब स्वास्थ्य विभाग के पास पर्याप्त वैक्सीन नहीं है और सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को कुछेक केन्द्रों पर ही वेक्सीनेशन होता है तो फिर 10 दिनों तक चलने वाले महाअभियान के लिए वैक्सीन की आपूर्ति कैसे होगी, हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि महाअभियान के पहले राज्य सरकार द्वारा वैक्सीन की पर्याप्त आपूर्ति कर दी जाएगी। पिछले कुछ दिनों से आलम यह है कि केवल कुछेक सेंटरों पर ही वेक्सीनेशन हो रहा है और कई सेंटरों पर दोपहर के बाद वेक्सीन खत्म हो जाती है। जिससे टीका लगवाने के लिए आए लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ता है। इसमे 18 प्लस वालों की संख्या ज्यादा है। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया ने यशभारत को जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना वेक्सीनेशन का महाभियान 21 जून से प्रारंभ हो रहा है, जो कि 30 जून तक 7 वर्किंग डे को आयोजित होगा। महा अभियान के लिए 120 सेंटर्स चिन्हित किए गए हैं। जिसमे 60 शहरी तो इतने ही ग्रामीण क्षेत्रों के सेंटर्स शामिल है। सीएमएचओ ने बताया कि हर दिन करीब 11 हजार लोगों को वैक्सीन लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त संख्या में वैक्सीन की आपूर्ति भी की जा रही है।



### कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए वैक्सीनेशन पर जोर

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए अधिक से अधिक वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार के निर्देश पर कटनी जिले में भी 21 जून से 30 जून तक कोरोना वेक्सीनेशन का महाअभियान संचालित किया जा रहा है। इस दौरान जिले में 120 सेंटरों में वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमे 60 शहरी तो 60 ग्रामीण क्षेत्र के सेंटर्स शामिल हैं। हर दिन कम से कम 11 हजार लोगों को टीका लगाने का प्लान है। प्लान के हिसाब से ही राज्य सरकार द्वारा वैक्सीन की आपूर्ति की जाएगी।

**डॉ. प्रदीप मुढ़िया,** सीएमएचओ

### महाअभियान के लिए मुहैया कराई जा रही वैक्सीन

कोरोना वेक्सीनेशन का महाअभियान की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके लिए पूरा कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। 21 जून से 30 जून तक गर्वनमेंट सेंटर्स में पात्र लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी। इसमे प्राईवेट हॉस्पिटल शामिल नहीं है। वैक्सीन की शॉर्टेज की बात सही नहीं है। सरकार द्वारा जरूरत के हिसाब से आपूर्ति की जाती है, जिससे वैक्सीन खराब नहीं हो। 21 जून से शुरू हो रहे महाअभियान के लिए कल शनिवार या परसों रविवार तक वैक्सीन मुहैया कराई जा रही है।

**डॉ. समीर सिंघई,** जिला टीकाकरण अधिकारी



# थाने में हुई शादी, टीआई ने किया कन्यादान, दहेज में दिए बर्तन

## बरही थाना प्रांगण में हुई शादी, डाले एक दूसरे को जयमाला

**पथरहटा की रूठी केशकली का बिचपुरा के रामलाल से हुआ विवाह, दूसरा विवाह करने जा रहा था रामलाल**

**बरही।** बिचपुरा का रामलाल दूसरा विवाह करने जा रहा थाए इस बात की भनक लगते ही पथरहटा की रहने वाली केशकली अपने परिवार के साथ बरही थाना पहुँच गई। टीआई संदीप अयाची ने फौरन रामलाल व उसके परिवार को भी थाना में बुला लिया।4 साल से चले आ रहे विवाद में रजामंदी कराई और थाना प्रांगण में ही केशकली का विवाह रामलाल से पूरे मंत्रोचारए रीतिरिवाज से हुआए ढोल.नगाड़े बजेए जयमाला भी पड़ाए टीआई ने कन्यादान भी किया और दहेज में कन्या को 5 वर्तन के सेट के साथ 5 सौ नगद भेंट कर ऑटो में बैठाकर विदाई भी की। जी हाँ यह अनूठी शादी कटनी जिले के बरही थाना प्रांगण में गुरुवार की शाम सम्पन्न हुई। दरअसल रामलाल एवं केशकली का विवाह 4 साल पूर्व हुआ थाए विवाह के बाद केशकली अपने मायके में रह रही थी। रामलाल ने कई बार बुलाया लेकिन वह नही मान रही थी। मामला सीएम हेल्पलाइन में भी पहुँचा। गुरुवार को रामलाल दूसरा विवाह करने जा रहा थाए तभी केशकली थाना पहुँच गई। टीआई संदीप अयाची ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रूठी केशकली को मनाने के साथ ही रामलाल व उसके परिवार को मोटिवेट करते हुए दोनों परिवारों को राजी करा दियाए जिसके बाद थाना प्रांगण में ही दोनों का विधिवत विवाह कराया गया। 4 साल से अलग.अलग रह रहे केशकली एवं रामलाल कोल को एक करने उनकी शादी कराने के सराहनीय प्रयास एवं अनोखे पहल करने के लिए बरही थाना के टीआई संदीप अयाची को खूब सराहना मिल रही है। दोनों परिवारों ने टीआई के इस प्रयास पर गदगद होते हुए आभार भी प्रकट किया।

# संपर्कक्रांति एक्सप्रेस में बिना टिकट चढ़े युवक से 20 लाख 38 हजार बरामद

## हवाला का पैसा लेकर कटनी मुड़वारा स्टेशन से जा रहा था दिल्ली, ट्रेनों के जरिए बढ़ा हवाला कारोबार



**कटनी।** ट्रेनों के जरिए हवाला का पैसा मुंबई और दिल्ली पहुंचाया जा रहा है। जबलपुर में आरपीएफ की सख्त जांच के बाद हवाला कारोबारी इस पैसे को अब जबलपुर की बजाए कटनी स्टेशन के जरिए पहुंचा रहे हैं। जिसमें रेलवे के भी कुछ लोगों के जुड़े होने का अंदेशा है। इसी कड़ी में कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन से संपर्कक्रांति एक्सप्रेस में सवार हुए एक यात्री के पास से आरपीएफ को 20 लाख 38 हजार रुपये नगद मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह यह पैसा दिल्ली ले जा रहा था। स्टेशन पर उसे यह पैसा किसने दिया और वह इसे दिल्ली में किसे देने जा रहा था। अभी इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। आरोपी का नाम प्रमोद बताया जा रहा है।

### टीसी से सांठगांठ कर सवार हुआ था ट्रेन में

खास बात यह है कि आरपीएफ से बचने के लिए युवक ने ट्रेन में रिजर्वेशन नहीं कराया था बल्कि कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन से युवक बिना टिकट ट्रेन में बैठ गया था। उसने टीटीई के साथ साठगांठ कर टिकट भी ले ली थी। दरअसल इन दिनों हवाला का पैसा पहुंचाने के लिए बिना टिकट ही ट्रेन में जा और आ रहे हैं।

### जबलपुर के आधारताल का है युवक

आरपीएफ के मुताबिक जिस युवक को नगदी के साथ पकड़ा गया है, वह जबलपुर के आधारताल क्षेत्र में रहता है। इतना ही नहीं इससे पहले ही वह हवाला का पैसा ले जाते हुए पकड़ा जा चुका है। हालांकि आरपीएफ के सूत्रों को कटनी स्टेशन से उसके बैठने की खबर मिल गई थी। आरपीएफ ने तत्काल चलती ट्रेन में उसे तलाशा और फिर दमोह रेलवे स्टेशन पर उसे उतारा गया। यहां पर पहले से खड़ी आरपीएफ ने उसकी जांच की। उसके पास मिले पैकेट को खोला तो सभी हैरान रह गए। उसमें पांच-पांच सौ के नोट की गड्डी थी।

### खबर के बाद नहीं पहुंची आईटी टीम

जैसे ही युवक के पास नगदी मिली। आरपीएफ ने आयकर विभाग को इसकी जानकारी दी लेकिन खबर लगने के बाद भी आयकर विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। हालांकि आरपीएफ ने पैसे अपने पास जप्त कर युवक को छोड़ दिया है। अब वह इस मामले की जांच में जुट गई है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को अंदेशा है कि रुपये एक हवाला कारोबारी के है। आरोपी युवक भी उसके के लिए पहले भी यही काम करता था।

**पमरे ने कोविड-19 में बनाया आउटर्न का रिकॉर्ड, 1 वर्ष में लक्ष्य से 18 प्रतिशत अधिक वैगनों का किया रखरखाव**

# रूटीन ओवर हॉलिंग से वैगनों को मिला नवजीवन

## नवीनीकृत पद्धति द्वारा दो हॉट बॉक्स डिटेक्टर लगाकर संरक्षा को दिया बढ़ावा

**कटनी।** कोविड महामारी के दौरान वर्ष 2020-21 में पमरे ने फ्रेट डिपो में 13 हजार से अधिक रेलवे वैगनों के रूटीन ओवर हॉलिंग करके आउटर्न का रिकॉर्ड बनाया है। इसके साथ ही पश्चिम मध्य रेल के अनुरक्षण डिपो में औसतन एक माह में उच्चतम 1299 वैगनों का अनुरक्षण करके माल ढुलाई की क्षमता एवं संरक्षा बढ़ाने का भी रिकॉर्ड बनाया है। जबकी भारतीय रेल पर प्रति माह 1100 वैगनों का आरओएच करने का लक्ष्य निर्धारित था। इस प्रकार पमरे ने साल भर में 13200 के लक्ष्य से अधिक कुल 13350 वैगनों का आरओएच आउटर्न करके बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पमरे महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन और तीनों मण्डलों के यांत्रिक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा कोरोना महामारी के चलते हुए मालगाड़ियों के वैगन आउटर्न में प्रगति की है। उल्लेखनीय है कि मालगाड़ी के वैगनों में प्रतिवर्ष नियमित अंतराल 18 या 24 के माह बाद के उपरांत रूटीन ओवर हॉलिंग किया जाता है। जिसमें कोयला वैगनों का 18 महीने और सीमेंट वैगनों को 24 महीने के अंतराल में मरम्मत कार्य किया जाता है। कोटा वर्कशॉप में गैस वैगनों का आरओएच किया जाता है, जो कि भारतीय रेलवे में केवल यही अनुरक्षण किया जाता है। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल के चार वैगन डिपो जबलपुर मंडल में न्यू कटनी जंक्शन, सतना एवं भोपाल मंडल में इटारसी और कोटा मण्डल में कोटा में अनुरक्षण डिपो में मालगाड़ी के वैगनों की सूक्ष्म जांच करके उन्हें तीव्र गति से सुरक्षित चलाने लायक बनाया जाता है।



### डिपो में वैगनों की मरम्मत

वैगनों के अनुरक्षण में ब्रेक पाइप लाइन रिपेयर, बॉडी रिपेयरिंग के साथ वैगनों की सतह एवं दरवाजों को ठीक से जांचना, वैगनों को जोड़ने वाली कपलिंग की रिपेयरिंग और व्हील एक्सल की रिपेयरिंग इत्यदि की मरम्मत की जाती है। वैगनों की सभी प्रकार के परीक्षण करना और अल्ट्रासोनिक पद्धति से एक्सल का पैरामीटर मापन करके साथ ही साथ व्हील के गेज की सही प्रोफाइलिंग कर उसकी संरक्षा मजबूत की जाती है। वैगन रखरखाव के लिए आईआरडब्ल्यूएमएस द्वारा वैगन सर्टिफिकेट दिया जाता है, जिसमें उस वैगन के अनुरक्षण की सभी जानकारी के साथ वैगन के अगले अनुरक्षण की जानकारी भी दी जाती है।

### लगातार फिट वैगनों की सप्लाई हो रही

पमरे फ्रेट डिपो में रेक का प्रीमियम और एंड टू एंड परीक्षण, सिक वैगनों की मरम्मत एवं भारी रूप से क्षतिग्रस्त वैगनों की मरम्मत जैसे अन्य फ्रेट से संबंधित कार्य भी करते हैं। तीनों मंडलों के डिपो में अनुरक्षण कार्य से मण्डलों को मालगाड़ी में लगाने के लिए वैगनों की कमी महसूस नहीं हो रही है तथा पमरे में लगातार फिट वैगनों की सप्लाई हो रही हैं। जिसके कारण कोरोना काल में भी ग्राहकों को सामग्री एक स्थान से दूसरे स्थान भेजने के लिए माल ढुलाई हेतु वैगन हमेशा तैयार रहते है। पमरे के वैगन डिपो में संरक्षित रूप से ब्रेक के लिए सिंगल पाइप युक्त वैगनों को अधिक प्रभावित ट्वीन पाइप प्रणाली से युक्त किया जाता है।

### एनकेजे में दो हॉट बॉक्स डिटेक्टर एचबीडी प्रतिस्थापित

पमरे ने जबलपुर मण्डल के न्यू कटनी जंक्शन फ्रेट यार्ड डिपार्चर यार्ड एवं न्यू यार्ड में दो हॉट बॉक्स डिटेक्टर एचबीडी प्रतिस्थापित किये गये है। जिससे वैगनों के हॉट एक्सल से संबंधित कार्य को देखा जाता है। जब ट्रेनें गुजरती है तब एचबीडी का मुख्यतः कार्य वैगनों के दोनों तरफप्रत्येक एक्सल के तापमान की जाँच करना है। ये स्वचलित होते हैं। जिससे वैगनों के एक्सल के तापमान की जानकारी एसएमएस द्वारा रजिस्टर्ड मोबाइल पर मिल जाती हैए तथा किसी असामान्य तापमान पर तुरंत कार्यवाही एवं सरक्षा में बढ़ोत्तरी होती है। इस रिकॉर्ड अनुरक्षण पर महाप्रबंधक पमरे ने मण्डल रेल प्रबंधक और तीनों डिपो सहित यांत्रिक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्य की सराहना की है।

# कोरोना गाइड लाइन की अनदेखी करने पर सख्त हुआ तीसरी आंख का पहरा

## 10 लोगों के घर फिर पहुंचा पुलिस का चालान

**कटनी।** अनलॉक के दौरान कोरोना गाइड लाइन की अनदेखी करने वालों के विरूद्ध तीसरी आंख (सीसीटीवी कैमरे) का पहरा सख्त होता जा रहा है। गतदिवस बिना मास्क के शहर में घूमने वालों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन की धाराओं में चालान नोटिस घर पहुंचाया गया था किन्तु कुछ नागरिकों ने उनसे सीख ना लेते हुए बही गलती फिर दोहरा दी। ऐसे लोग पुलिस से तो बचे लेकिन पुलिस की तीसरी आंख (सीसीटीवी कैमरे) से नही बच सके। पुलिस ऐसे 10 लोगो के घर फिर नोटिस पहुचाया है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक मंयक अवस्थी द्वारा लगातार शहर के नागरिकों से मास्क धारण करने की अपील की जा रही है तथा आमजन को जागरुक भी किया जा रहा है। यातायात प्रभारी सूबेदार विनोद दुबे ने बताया गया कि जिले के समस्त थाना क्षेत्रों द्वारा मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेन्स का पालन करने की अपील की जा रही है एवं उल्लंघन करने पर कार्यवाही की जा रही है। आज फिर 10 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई जो निरंतर जारी रहेगी।




**PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें**

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009




**PRE. REGISTRATION साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)